**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 3429 / कार्य–25 / 85 दिनांक 11–5–2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषयः–** **ई पेपर 'हिन्दुस्तान' में प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई पेपर 'हिन्दुस्तान' में प्रकाशित खबर **'पानी आपूर्ति शुरू कराने को प्रदर्शन'** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि त्रिलोकपुर पेयजल योजना, विकास खण्ड रामनगर में योजनान्तर्गत अधिष्ठापित स्टार्टर खराब हो जाने के कारण वर्तमान में पेयजल आपूर्ति बाधित है। 02 दिवस के अन्दर योजना से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4– जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6– जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7– श्री आर्यन सिंह, सहा0अभि0।
8– प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 यूनिसर्वल एमईपी।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# पानी आपूर्ति शुरू कराने को प्रदर्शन

## आक्रोश

**मसौली।** विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के चलते ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर की टोटियां सूखी पड़ी हैं। ग्रामीण स्वच्छ पानी के लिए के लिए तरस रहें हैं, जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को प्रदर्शन कर पानी आपूर्ति शुरू कराने की मांग की।



त्रिलोकपुर स्थित पानी टंकी से आपूर्ति शुरू करने को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण

ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर में जल जीवन मिशन योजना के तहत पक्का तालाब हनुमान मंदिर पर पानी टंकी का निर्माण होने के बाद भी पानी आपूर्ति सुचारु रूप नहीं हो पा रही है। बीते एक सप्ताह से पानी आपूर्ति बंद होने से ग्रामीण स्वच्छ जल के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीण मो. अकिल, मुजम्मिल अंसारी, विष्णु गुप्ता, अयूब अंसारी, बीडीसी हारून अंसारी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। लोगों का कहना है कि इस टंकी से त्रिलोकपुर, केशरीपुर, कुरथरा, वादीपुरवा और कुटईबाग में पानी सप्लाई होती है। सप्लाई बंद होने से हजारों परिवारों के रोजमर्रा के कामों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को पक्का तालाब हनुमान मंदिर पर हजारों की संख्या में हनुमान भक्त दर्शन करने पहुंचते हैं।

Scanned with OKEN Scanner